# अपना नया घर खरीदने की यात्रा की सही शुरुआत करें

टैरियन के साथ अपना खरीद समझौता पंजीकृत करें!

## अपने डिपाज़िट की सुरक्षा करें

यदि आपने अभी-अभी नया घर खरीदा है, तो अपने डिपाज़िट की सुरक्षा के लिए टैरियन के साथ अपनी खरीद को पंजीकृत करें। यह आसान है, सुरक्षित है और इसमें सिर्फ एक सरल कदम की आवश्यकता है ।

## आपके लिए आवश्यक जानकारी:

- घर के खरीदारों की संपर्क जानकारी
- आपके डिपाज़िट की राशि
- होम ID ( यह आपके खरीद समझौते के साथ मिले वारंटी सूचना पत्र पर उपलबध होती है))

**नोट:** यदि आपके पास होम ID नंबर नहीं है, तो भी आप अपने खरीद के समझौता को पंजीकृत कर सकते हैं, लेकिन आपको कुछ अतिरिक्त जानकारी - विक्रेता का नाम और आपके घर का पता/संपत्ति का कानूनी विवरण - की आवश्यकता होगी।

* जब आप अपनी खरीद को पंजीकृत करते हैं, तो आपके डिपाज़िट की एक निश्चित सीमा टैरियन द्वारा सुरक्षित कर दी जाती है। यदि आपको अपना घर इसलिए नहीं मिलता है क्योंकि बिल्डर दिवालिया हो जाता है, खरीद के समझौते को पूरा नहीं करता है या आपको कानूनी रूप से समझौते को समाप्त करने की अनुमति है, तो आप टैरियन को डिपाज़िट वापसी का दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

## टैरियन के साथ अपनी खरीद को क्यों पंजीकृत करें?

अपनी खरीद को पंजीकृत करने से आपको कई तरह से लाभ मिलता है:

- इससे टैरियन के साथ खरीद का रिकॉर्ड बनता है;
- यह टैरियन को सूचित करता है कि आप डिपाज़िट प्रोटेक्शन प्रोग्राम में भाग लेना चाहते हैं;
- टैरियन को आपके नए घर पर बिल्डर की वारंटी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने की अनुमति देता है; और
- इससे टैरियन को यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि बिल्डर कानूनी तरीके से काम कर रहा है और यदि ऐसा नहीं है तो आपको और अन्य लोगों को बचाने के लिए कदम उठाए जा सकते हैं।

## आगे क्या होता है?

जब आप अपना एग्रीमेंट पंजीकृत कर लेंगे, तो आपको टैरियन से एक वेलकम  ईमेल प्राप्त होगा जिसमें वारंटी के बारे में जानकारी, होमओनर लर्निंग हब जैसे प्रमुख संसाधनों के लिंक और यदि आपके पास कोई समस्या है तो टैरियन से संपर्क करने का तरीका शामिल होगा।

अपने एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करते समय यह जानकारी प्राप्त करने से, आपको अपने नए घर की चाबी मिलने से पहले अपने नए घर की वारंटी के बारे में जानने का अवसर मिलता है। घर जीवन की सबसे बड़ी ख़रीदों में से एक है - अपने निवेश की सुरक्षा करना महत्वपूर्ण है और टैरियन आपकी मदद के लिए मौजूद है!